## 35. प्रतिवेदन-लेखन ( रिपोर्ट )

किसी घटना या कार्यक्रम का क्रमबद्ध तथा संक्षिप्त विवरण देना प्रतिवेदन-लेखन कहलाता है। यह अति संक्षिप्त लेकिन सारगर्भित होता है। इसे पढ़कर पढ़ने वाले या सुनने वाले को किसी घटना या कार्यक्रम की संक्षेप में जानकारी मिलती है।

### शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को प्रतिवेदन-लेखन के बारे में विस्तार से समझाएँ।
- ❖ छात्रों को इसकी परिभाषा से अवगत करवाएँ।
- ❖ प्रतिवेदन-लेखन की विशेषताओं के बारे में समझाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 263 पर दिए गए उदाहरणों को पढ़वाएँ।
- ❖ छात्रों को समाचारपत्र या पत्रिकाओं में लिखित रिपोर्ट पढ़ने के लिए कहें तथा उनसे संबंधित प्रतिवेदन लिखने के लिए प्रेरित करें।
- ❖ यह सुनिश्चित कर लें कि सभी छात्रों को विषय भली-भाँति समझ आ गया है।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिया गया अभ्यास करवाएँ।